कोटद्वार, मंगलवार
16 जुलाई 2024
वर्षः 46
अंकः 82 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### चार घंटे बाद खुला कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाईवे

चमोली : कर्णप्रयाग-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग थराली के निकट सुनला में पेट्रोल पंप के बीच उतिशयाणी नामक स्थान पर भारी बोल्डर और मलबा आने से अवरुद्ध रहा। जिसे बाद में खोल दिया गया। सोमवार सुबह लगभग 9:30 बजे से कर्णप्रयाग-ग्वालदम मोटर मार्ग पर भारी बोल्डर और मलबा आने से अवरूद्ध हो गया था। जिस कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। सीमा सड़क संगठन की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 4 घंटे बाद दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर राष्ट्रीय राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। (एजेंसी)

### कार दुर्घटना में एक की मौत

उत्तरकाशी : गंगोत्री हाईवे पर डुंडा के नजदीक सिंगोटी के पास सोमवार को एक कार अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीआरएफ और पुलिस की रेस्क्यू टीम ने शव को खाई से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे सिंगोट के पास हादसा हुआ। हादसे में 42 वर्षीय ममलेश पुत्र रामलाल निवासी नई बस्ती पार्क रोड देहरादून की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इधर, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने सड़कों पर पहाड़ी से पत्थर गिरने और फिसलन की आशंका रहती है। लिहाजा धीरे से सुरक्षित होकर गाड़ी चलाएं। ओवरस्पीड से बचें। बरसात में जितना हो सके, कम ही सफर करें।

### पर्यटन मंत्री महाराज ने दी लोकपर्व हरेला की शुभकामनाएं

देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेशवासियों को लोकपर्व 'हरेला' की शुभकामनाएं दी। कहा कि उत्तराखंड में मनाया जाने वाला लोकपर्व 'हरेला' सावन के आने का संदेश है। इस पर्व के पीछे खुशहाली का आशीष है, बुजुर्गों का आर्शीवाद है। हरेला पर राज्य सरकार ने प्रदेशभर में वृहद स्तर पर पौधारोपण करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरेला पर्व पर होने वाले पौधारोपण अभियान को एक व्यापक जनांदोलन के रूप में लिया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि हरेला पर्यावरण संरक्षण का पर्व है। इसका व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पेड़ लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण, खुशहाली का प्रण लिया जाएगा।

### अस्पताल से गायब रहने पर डॉक्टर समेत पूरे स्टाफ का वेतन रोका

विकासनगर। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुल्हाड़ से अनुपस्थित रहने वाले स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सीएमओ देहरादून ने अस्पताल के पूरे स्टाफ का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। चकराता ब्लॉक के दुर्गम गांव बुल्हाड में ग्रामीणों की सुविधा के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है। अस्पताल में तैनात स्टाफ के गायब रहने की शिकायत ग्रामीणों ने विभिन्न माध्यमों से की। लेकिन उसके बाद भी अस्पताल में तैनात डॉक्टर और स्टाफ का रवैया नहीं बदला। अस्पताल के स्टाफ के लगातार अनुपस्थित रहने पर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रवीन रावत प्रिंस ने मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर इस समस्या की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि पीएचसी बुल्हाड 14 गांवों का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। इस केंद्र से बुल्हाड़, बायला, पिंगवा, काण्डोई भरम, उदावां, गोरछा, ठारठा और डीडा आदि गांवों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मिलती हैं। बुल्हाड़ स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ बारी-बारी एक अंतराल के बाद अस्पताल आता है। अस्पताल में डॉक्टर तैनात होने के बाद भी अक्सर अस्पताल की जिम्मेदारी एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और फार्मासिस्ट के भरोसे रहने की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद मामले की विभागीय स्तर पर जांच कराई गई। इसमें शिकायतकर्ता की शिकायत सही पाई गई।

---

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून कब होगा लागू?

# भाजपा की कार्यसमिति बैठक में सीएम धामी ने दिया हिंट




देहरादून। लोकसभा चुनाव के बाद देहरादून में सोमवार को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। कार्यसमिति के बैठक के पहले सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश की कमान संभालने पर बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुख्य सेवक के रूप में तीन साल पूरे होने पर बधाई प्रस्ताव पास किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ग्राफिक एरा विश्वविधालय के सभागार में आयोजित की गई।

**प्रदेश प्रभारी ने विपक्ष पर झूठ की राजनीति का लगाया आरोप**

भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने मीडिया से बातचीत में साझा की जानकारी। उन्होंने विपक्ष पर झूठ की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने तय किया है कि विपक्ष के इस झूठ का पर्दाफाश किया जाएगा। बैठक के दौरान दिल्ली में बन रहे केदारनाथ मंदिर को लेकर उपजे विवाद पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ धाम द्वाद्वश ज्योतिर्लिंग में से एक है। उसका महात्म्य कोई कम नहीं कर सकता। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दूसरे स्थान पर केदारनाथ धाम नहीं हो सकता।

**केदारनाथ की विधायक और बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य स्थापना दिवस नौ नवंबर से पहले राज्य में समान नागरिक सहिंता कानून लागू कर दिया जाएगा। बैठक में कठुआ के शहीदों के साथ की केदारनाथ की विधायक शैलारानी रावत को श्रद्धांजलि दी गई।

**कार्यकर्ताओं को मिला दिग्गजों का मार्गदर्शन**


बैठक में केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर के अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत अन्य दिग्गजों का कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला।

## हमले के बाद डोनाल्ड ट्रंप का पहला इंटरव्यू , बोले मुझे तो मर जाना चाहिए था

न्यूयॉर्क ,अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पश्चिमी पेंसिल्वेनिया में शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान हुए जानलेवा हमले की दुनिया के तमाम शीर्ष नेताओं ने निंदा की है। वहीं हमले के बाद ट्रंप ने अपना पहला इंटरव्यू दिया है। रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वौकी जाते समय न्यूयॉर्क पोस्ट को ट्रंप ने इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि मुझे यहां नहीं रहना। मुझे तो मर जाना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भगवान ने बचाया। उन्होंने कहा जब मुझ पर हमला हुआ तब सबसे आश्चर्यजनक यह हुआ कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि बिल्कुल सही समय पर और सही अनुपात में घुमाया वरना जो गोली मेरे कान को छूकर गई, वह आसानी से मेरी जान भी ले सकती थी। इस दौरान ट्रंप ने अपने दाहिने कान को एक सफेद पट्टी से ढक रखा था। इस दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अस्पताल के डॉक्टर ने भी उनसे कहा कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं देखा। हमले में उनका बचना एक चमत्कार की तरह है। उन्होंने कहा कि लोग कह रहे हैं कि भगवान की कृपा से मैं अभी भी यहां हूं, वरना तो मुझे यहां नहीं होना था। वहीं हमले के समय मुट्ठी उठाकर अपना जोश दिखाने वाली तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह अब तक देखी गई सबसे प्रतिष्ठित तस्वीर है। वो एक सच्ची तस्वीर है, मैं नहीं मरा। आमतौर पर आपको एक सच्ची तस्वीर पाने के लिए मरना पड़ता है।

## शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को फिर झटका

● फिर बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली ,आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कोर्ट से एक बार फिर से झटका लगा है। दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में राउज़ ऐवन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। बता दें कि मनीष सिसोदिया को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया था। राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

हाल ही में दिल्ली शराब घोटाला मामले में जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट से निराश हुए दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत की गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी मामले में जमानत की मांग करते हुई दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। बता दें कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया को बीते साल दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी और 9 मार्च को श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने केजरीवाल की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## केदारनाथ से गायब हो गया 164 करोड़ का सोना

● शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने लगाया सनसनीखेज आरोप



नई दिल्ली ,ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वी ने एक सनसनीखेज आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ मंदिर में सोना का घोटाला हुआ है। मंदिर से 228 किलो सोना (कीमत 164 करोड़ रुपए) गायब है। क्यों इस मुद्दे को नहीं उठाया जाता, क्यों इस मामले की जांच नहीं होती।

दिल्ली में बन रहे केदारनाथ मंदिर से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि केदारनाथ मंदिर में सोने का घोटाला हुआ है। वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनेगा, फिर एक और घोटाला होगा। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। क्यों नहीं इस मामले में अब तक जांच बैठाई गई। क्यों इस मुद्दे को मीडिया नहीं उठाता। अब वे कह रहे हैं कि दिल्ली में केदारनाथ बनाएंगे, ऐसा नहीं हो सकता। दिल्ली के मंदिर को लेकर क्या कहा : शंकराचार्य ने दिल्ली में बन रहे मंदिर को लेकर पहले कहा था कि केदारनाथ धाम की गरिमा और महत्व को कम करने का कुत्सित प्रयास है। शंकराचार्य ने कहा कि मध्य हिमालय स्थित केदारनाथ बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसको पुराण में हिमालय तू केदारम कहा गया है। केदारनाथ स्थित ज्योतिर्लिंग सतयुग का ज्योतिर्लिंग कहा गया है। उन्होंने कहा कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक केदारनाथ धाम के अस्तित्व और महत्व को कम करने की किसी भी योजना को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर, 5 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत

आणंद ,अहमदाबाद–वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर आणंद के पास ट्रक और लक्जरी बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत पर मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए आणंद के अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह हादसा लग्जरी बस में पंचर होने की वजह से सुबह लगभग 4:30 बजे हुआ।रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र से राजस्थान जा रही बस पीछे से टक्कर लगने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस पंचर होने के कारण हाईवे के किनारे खड़ी हुई थी। ड्राइवर, क्लीनर और यात्री बस के नीचे खड़े हुए थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने बस को टक्कर मार दी और यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम, आणंद फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस समेत आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत कार्रवाई की।जानकारी के अनुसार, इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# ई वेस्ट एकत्रित करने वाले सरकारी विभागों को नोटिस : मुख्य सचिव

– सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों को सख्ती से ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं मेडिकल वेस्ट डिस्पॉजल की पुख्ता व्यवस्था के कड़े निर्देश



देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उन सभी सरकारी विभागों को नोटिस जारी करने जा रहा हैं जिनके द्वारा अनुपयोगी पुराने कम्पयूटर, प्रिन्टर, स्कैनर व मोबाइल जैसे ई वेस्ट अनावश्यक रूप से एकत्रित किए जा रहे हैं। सचिवालय में उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ई वेस्ट मेनेजमेंट के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए हैं। सीएस राधा रतूड़ी ने सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों को सख्ती से ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं मेडिकल वेस्ट डिस्पॉजल की पुख्ता व्यवस्था के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेषरूप से सरकारी विभागों को इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करने की सख्त हिदायत दी है। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि कूड़ा प्रबन्धन एवं निस्तारण के कार्य में लगे स्वच्छता कर्मियों को हाथों के दस्ताने, मास्क, गमबूट्स तत्काल उपलब्ध करवाएं जाए। पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति निधि के उपयोग के सम्बन्ध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण के लिए बुनयादी सुविधाएं तैयार करने, नाडेप पिट के माध्यम से जैव खादों के उत्पादन, सामूहिक सफाई अभियान को प्रोत्साहित करने, सेनेटरी वेस्ट एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के एकत्रीकरण व निपटान की व्यवस्था तथा सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के सम्बन्ध में कचरा बीनने वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट के तहत औद्योगिक ईकाईयों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जब्त किए गए एसयूपी के परिवहन, रिसाइकिलिंग व निस्तारण के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने ऐसे व्यक्तियों, गैर सरकारी संगठनों एवं संस्थानों को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं जो प्लास्टिक कूड़े के पर्यारवणीय हित में प्रबन्धन के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेंट के सम्बन्ध में एक प्रभावी सर्विलेंस सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पेरामेडिकल कार्मिकों के लिए बायोमेडिकल वेस्ट के सेगरिगेशन, स्टोरेज व निस्तारण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने खतरनाक अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत ऐसे लोगो के लिए कौशल विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जो खतरनाक अपशिष्ट की हैण्डिलिंग, रिसाईकिलिंग व प्री प्रोसेसिंग के कार्यों को करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी–हिंडनबर्ग मामले पर आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज की



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी–हिंडनबर्ग मामले में 3 जनवरी के उसके आदेश के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका सोमवार को खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने उस आदेश में मामले की जांच के लिए एसआईटी या विशेषज्ञों के किसी समूह के गठन से इनकार कर दिया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने समीक्षा याचिका पर विचार के बाद कहा कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखती। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा, ...समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता। इसलिए समीक्षा याचिका खारिज की जाती है। इससे पहले 3 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अपने विस्तृत आदेश में कहा था कि संगठित अपराध एवं भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) और हिंडनबर्ग रिसर्च जैसे तीसरे पक्ष के संगठनों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को निर्णायक सबूत नहीं माना जा सकता है। उसने कहा कि जनहित याचिका दायर करने वाले ने अखबार की लेख या रिपोर्ट पर भरोसा किया है जो सेबी की विस्तृत जांच पर सवाल उठाने के योग्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि जांच सेबी की बजाय किसी और को सौंपने की आवश्यकता महसूस नहीं हो रही है। उसने सेबी से जांच को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने के लिए कहा था। उसने अपुष्ट और असंबंधित तथ्यों के आधार पर जनहित याचिका दायर करने के प्रति चेतावनी देते हुए कहा कि इसके गलत परिणाम हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.एम. सप्रे की अध्यक्षता वाले विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए सुझावों पर रचनात्मक रूप से विचार करने को कहा। आदेश में केंद्र सरकार और सेबी से निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करने और प्रतिभूति बाजार के व्यवस्थित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया। शीर्ष अदालत ने सेबी और केंद्र सरकार की अन्य जांच एजेंसियों से शॉर्ट सेलिंग के आरोपों की जांच करने को कहा, जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को काफी नुकसान हुआ था।

## कोमा में जा सकते है केजरीवाल,उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने की साजिश रची जा रही है–संजय सिंह

नई दिल्ली ,तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल के वजन को लेकर आम आदमी पार्टी की ओर से सांसद संजय सिंह ने कहा कि तिहाड जेल प्रशासन ने भी माना है कि कई बार उनका शुगर लेवल कम हुआ है। शुगर लेवल कम होने पर वह नींद में कोमा में जा सकते हैं. शुगर लेवल कम होने पर ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। हालांकि तिहाड़ प्रशासन की ओर से आम आदमी पार्टी के वजन कम होने के दावे को खारिज कर दिया गया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, किसी भी मरीज की मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करना एक अपराध है। जेल प्रशासन कई बार दिल्ली के सीएम की मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक कर चुका है। इससे साबित होता है कि अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खिलवाड़ करने की साजिश रची जा रही है...इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार

16 दिन में 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



जम्मू , अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार है। बीते 16 दिनों में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। वहीं 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को घाटी के लिए रवाना हुआ। दोनों यात्रा मार्गों पर रुक–रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के बावजूद रविवार को 15 हजार से ज्यादा उत्साही तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए। अधिकारियों ने बताया कि 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3:05 बजे 68 वाहनों में 1,918 यात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। जबकि दूसरा सुरक्षा काफिला सुबह 3:50 बजे 94 वाहनों में 2,957 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दोनों सुरक्षा काफिले दोपहर तक घाटी में पहुंच जाते हैं। यह पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की उंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं।

## उत्तराखंड में बारिश बनी आफत, भवाली–नैनीताल मोटर मार्ग के 70 मीटर हिस्से में दरार



नैनीताल। शहर में मानसूनी वर्षा आफत बनकर बरस रही है। बीते दिनों से हो रही वर्षा के चलते भवाली–नैनीताल मोटर मार्ग में भारी धंसाव हुआ है। कैलाखान के समीप सड़क का करीब 70 मीटर हिस्सा धंस गया है। बड़ी–बड़ी दरारें उभरने से सड़क के खाई में समाने का संकट गहरा गया है। ऐसे में सड़क टूटी तो नैनीताल–भवाली मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो जाएगी। वहीं, ट्रीटमेंट के नाम पर लोनिवि की ओर से दरार वाले हिस्से में वाहनों की रोकथाम के लिए पत्थर लगा दिए गए हैं। बलियानाला पहाड़ी पर वर्षों से भूस्खलन हो रहा है। पहाड़ी से पानी का लगातार रिसाव होने से तलहटी व कैलाखान की ओर की पहाड़ी पर भी भू–कटाव होने लगा है। इस वर्ष पहाड़ी पर भूस्खलन रोकथाम कार्य चलने के कारण कुछ राहत है, मगर तलहटी पर पानी का रिसाव बढ़ने से कटाव की स्थिति बनी हुई है। जिस कारण कैलाखान की ओर की पहाड़ी पर भी धंसाव होने लगा है। सड़क का करीब 70 मीटर लंबा हिस्सा चार इंच तक नीचे बैठ गया है। ऐसे में सड़क पर बड़ी दरार उभर आई है। सड़क को समय रहते उपचार नहीं मिला तो पूरी तरह टूटने से वाहनों के संचालन का संकट भी गहरा सकता है।

**वर्षों से नहीं मिल सका स्थायी उपचार**

कैलाखान क्षेत्र में भू–धंसाव का अहम कारण बलियानाला पहाड़ी व उसकी तलहटी पर हो रहा भूस्खलन है। तलहटी पर भू–कटाव होने से कैलाखान की ओर की पहाड़ी में भी धंसाव हो रहा है। जिस कारण सड़क के इस हिस्से में हर वर्ष धसांव की परेशानी बनी रहती है। मगर वर्षों गुजरने के बाद भी सड़क और पहाड़ी को स्थायी उपचार नहीं मिल सका।हर साल धंसे हुए हिस्से में अस्थायी तौर पर मलबा भरकर ऊपर डामरीकरण कर दिया जाता है।

## जम्मू–कश्मीर : श्रीनगर में 8वें मुहर्रम के जुलूस में हजारों लोग हुए शामिल

श्रीनगर ,। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर शहर में सोमवार को शिया समुदाय के हजारों लोगों ने 8वें मुहर्रम का जुलूस निकाला। अधिकारियों ने आयोजकों से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित मुहर्रम जुलूस का आश्वासन लेकर कार्यक्रम की अनुमति दे दी थी। मुहर्रम का जुलूस गुरु बाजार से शुरू होकर श्रीनगर शहर के डलगेट क्षेत्र में समाप्त हुआ। जुलूस इराक के कर्बला के रेगिस्तान में यजीद की सेना के हाथों पैगंबर के नवासे इमाम हुसैन, उनके परिवार और समर्थकों की शहादत की याद में निकाला जाता है। कश्मीर जोन के आईजीपी वीके बिरदी और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस की निगरानी की। आईजीपी ने गम मनाने शिया समुदाय के लोगों पानी और ठंडा पेय भी पिलाया। इस्लाम के समर्थन में नारे लगाते हुए और इमाम हुसैन की शहादत को याद कर गम मनाने वालों ने पूरे जुलूस के दौरान जिम्मेदारी निभाई और असामाजिक तत्वों को सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने का कोई मौका नहीं दिया।

### गुरदासपुर फायरिंग मामला

## विधायक अमरपाल का ऑडियो वायरल, कहा-मैंने ही करवाई घटना



गुरदासपुर ,पंजाब के गुरदासपुर में सात जुलाई को हुई फायरिंग मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में अब श्री हरगोबिंदपुर साहिब से विधायक अमरपाल का एक ऑडियो वायरल हुआ है। इस ऑडियो में विधायक एक गुट के किसी व्यक्ति से कह रहे हैं कि यह घटना उन्होंने ही करवाई है। दरअसल, सात जुलाई को गुरदासपुर के विठवां गांव में दो गुटों के बीच फायरिंग हुई थी। इस फायरिंग में चार लोग मारे गए थे, जबकि आठ से अधिक लोग घायल हो गए थे। विधायक अमरपाल का ऑडियो वायरल होने के बाद उन्होंने सफाई दी है। विधायक का कहना है कि घटना वाली रात उन्हें किसी व्यक्ति ने फोन किया था और वह बार–बार इसके लिए मुझे ही जिम्मेदार ठहरा रहा था। इसी कारण उन्हें गुस्सा आ गया और उन्होंने फोन पर बात कर रहे शख्स से बोल दिया कि ये सब उन्होंने ही करवाया है।

## संपादकीय

# छोटे किसानों की कृषि

भारतीय कृषि मूलतः छोटे किसानों की कृषि है, और यदि छोटे किसान कृषि के आधार पर संतोषजनक आजीविका प्राप्त करते हैं तो इससे भारतीय कृषि संकट के समाधान के लिए उम्मीद बांती है। इस दृष्टिकोण से इन पंक्तियों के लेखक ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र आदि अनेक राज्यों में ऐसे छोटे किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया जिनके प्रयास ऐसी उम्मीद की किरण देने में सक्षम हैं। इस तरह का एक विशेष तौर पर उत्साहवर्धक प्रयास है, बालचंद्र अहिरवार नामक दलित किसान का जिन्होंने अपनी पत्नी गुड्डी, माता–पिता, भाइयों और परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से जैविक खेती के माध्यम से संतोषजनक और टिकाऊआजीविका का अनुकरणीय उदाहरण टीकमगढ़ जिले (मप्र) के जतारा ब्लॉक के लिोराताल गांव में प्रस्तुत किया। बालचंद्र के पास मात्र 2 एकड़ कृषि भूमि है। उस भूमि का भरपूर उपयोग कर वे अनेक विविध फसलें प्राप्त करते हैं। उनकी रबी की मुख्य फसल गेहूं है और खरीफ की मुख्य फसल मूंगफली है जिनसे मुख्य खाद्य सुरक्षा और नकद आय प्राप्त होती है। पर इसके साथ उन्होंने सब्जी और फलों का बगीचा भी कुछ भूमि पर तैयार किया है और मुख्य फसलों के साथ अनेक अन्य फसलें मिश्रित खेती पद्धति से बो देते हैं और खेतों की मेढ़ों पर भी कुछ न कुछ फसल प्राप्त करते हैं। इस तरह उनका खेत बहुत हरा–भरा रहता है और गर्मी की बहुत ताप से भी धरती बचती है। छाया और नमी से सूक्ष्म जीव और केचुएं बेहतर पनपते हैं। मात्र 2 एकड़ भूमि में वे गेंहू और मूंगफली के अतिरिक्त मक्का, मटर, चना, मसूर, मूंग, उड़द, सरसों, हल्दी, लहसुन, प्याज, आलू, टमाटर, बैंगन, तुरई, लौकी, पालक, धनिया, मेथी, खीरा, सेम, गाजर, फूलगोभी, रतालू, करेला, भिंडी, सेहजन की फली और गेंदे के फूल लगाते हैं। फलों को देखें तो अमरूद, अनार, नीबू, आम, कटहल, लीची, संतरे, अनार, पपीते के पेड़ लगाए हैं। इस तरह 2 एकड़ भूमि के खेत को भली–भांति प्यार से पालते–पोसते हुए वे लगभग 44 खाद्य प्राप्त करते हैं। यह खेती पूरी तरह जैविक है। इसमें किसी रासायनिक खाद और कीटनाशक दवा का कतई उपयोग नहीं होता। प्राकृतिक खाद को बालचंद्र अपने खेत पर स्वयं गोबर और गोमूत्र को थोड़े से बेसन और गुड़ के साथ विशेष अनुपात में मिला कर तैयार करते हैं। इसी तरह कीड़ों की रोकथाम के लिए गोबर, गोमूत्र के साथ तरह–तरह के कड़वे पत्तों को मिला कर एक छिड़काव तैयार किया जाता है। यह खाद और दवा बालचंद्र बड़ी मात्रा में तैयार करते हैं। पिछले वर्ष उन्होंने इस प्राकृतिक खाद और छिड़काव को 165 किसानों तक पंहुचाया। यह बड़े पैमाने पर तैयार करते के लिए 'सृजन' संस्था के सहयोग से बालचंद्र के खेत पर पलक प्राकृतिक कृषि एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। यहां कृषकों को पावर टिलर, छिड़काव पंप आदि उपकरण भी प्राप्त होते हैं। बालचंद्र को सरकारी स्तर पर भी पुरस्कृत किया जा चुका है, और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वे सैकड़ों किसानों को प्राकृतिक खेती के अपने अनुभवों का लाभ दे चुके हैं। बालचंद्र को इस तरह की बहुत रचनात्मक खेती करने में बहुत आनंद आता है और वे जो बहुत मेहनत करते हैं, खुशी–खुशी करते हैं। विश्राम करते हुए भी वे यह सोचते हैं कि इस खेत या क्यारी या पेड़ को किस तरह से ठीक करना है। वे मानते हैं कि प्राकृतिक खेती के लिए ऐसे प्यार और निष्ठा के बिना सफलता नहीं मिलती। इस कृषि से बालचंद्र के परिवार का संतोषजनक निर्वाह होता है। अपने दोनों बेटों को वे छतरपुर और भोपाल में नर्सिंग और फाम्रेसी की उच्च शिक्षा भी दिलवा रहे हैं। बालचंद्र को इस खेती में इतनी निष्ठा है कि वे अपने निवास को भी खेत में ही ले आए हैं। प्राकृतिक खेत के आरंभिक दिनों में कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उनका मजाक उड़ाया पर आज वही व्यक्ति उन्हें सम्मान दे रहे हैं। बहुत सावधानी से बालचंद्र ने रासायनिक खाद, कीटनाशक, अत्यधिक मशीनीकरण के खचरे को दूर किया है। ट्रैक्टर के प्रति उनका मोह नहीं है और इसकी अपेक्षा बहुत सस्ते पावर टिलर में वे जुताई करते हैं। शराब, गुटखे हर तरह के नशे से सदा दूर रहते हैं। उनके पास चार गाय, चार बछड़े, चार बकरी और एक भैंस है। दूध का उपयोग घर–परिवार के पोषण के लिए करते हैं, बेचते नहीं हैं।

# विश्वसनीय बने उच्च शिक्षा एवं परीक्षा तंत्र

**प्रो शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित**

परीक्षाओं में धांधली ने 'एक राष्ट्र, एक परीक्षा' की सोच पर पुनर्विचार के लिए विवश कर दिया है। हमें एकताबद्ध देश चाहिए, एक समान देश नहीं। एकरूपता विविधता, भिन्नता, लोकतंत्र और असहमति की अनुमति नहीं देती। प्रश्नपत्रों के लीक होने की घटनाओं ने भारत को ऐसे निम्न स्तर पर ला खड़ा किया है, जहां परीक्षाओं एवं संस्थानों की विश्वसनीयता खतरे में है। यह एक चेतावनी है कि परीक्षा प्रणाली में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। स्तर बनाये रखना राष्ट्रीय एजेंसियों की ही नहीं, बल्कि सबकी जवाबदेही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वायत्तता और गुणवत्ता साथ चलते हैं। विकसित भारत के विचार को साकार करने में भारतीय शिक्षा तंत्र आधारभूत भूमिका निभा सकता है। यह तकनीकी हड़बड़ी तथा कुछ लोगों की मनमानी की जगह नहीं बननी चाहिए।

इसलिए सोच–समझकर संतुलित दृष्टि से इस मसले पर विचार होना चाहिए ताकि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बहाल हो सके। जरूरी नहीं है कि तकनीकी और सस्ते समाधान बेहतर भी हों। तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता और टिक लगाने जैसे परीक्षा के तरीके कुछ लोगों के निहित स्वार्थों को पूरा करने में मददगार होते हैं। अधपके विचार आकर्षक लग सकते हैं, पर अंततः हमें ऐसी प्रतिक्रियाओं से सावधान रहना चाहिए, जो छात्रों, परिवारों और विषयों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं। इंटरनेट के इस युग में पर्चा लीक होना स्थानीय घटना नहीं होती, इसका प्रसार तुरंत व्यापक स्तर पर हो जाता है। टिक मार्क वाले पर्चों और उत्तरों को हैक करना बहुत आसान है। परीक्षा माफिया के अपराधियों की कोई विचारधारा नहीं है। परीक्षा की समरूपता खतरनाक है क्योंकि यह सरकार के लिए आपदा हो सकती है और इससे करोड़ों छात्र और उनके परिजन तबाह हो सकते हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नेतृत्व में दूरदृष्टि एवं जवाबदेही के अभाव ने इस प्रकरण को और भी त्रासद बना दिया है। गड़बड़ियों से लगातार इनकार करने, गलत दिशा चुनने और बरगलाने वाले बयान देने से देश गुस्से में है।

अखिल भारतीय परीक्षा कराना जटिल कार्य अवश्य है, पर एनटीए और यूजीसी का नेतृत्व तमाम संसाधनों के बावजूद चुनौतियों से आगाह क्यों नहीं था, समुचित उपाय क्यों नहीं किये गये? क्या ऐसा पैसा बचाने के लिए किया गया? परिणाम आने तक गड़बड़ियों की भनक तक क्यों नहीं लग पायी? समझना होगा कि शिक्षा में विवेक और समावेशी दृष्टि से निवेश होना चाहिए। हड़बड़ी समस्या को और बिगाड़ेगी। बहरहाल, सरकार का रवैया निर्णायक रहा है।

शिक्षा मंत्री ने मामले की 'नैतिक जिम्मेदारी' ली है और एनटीए के प्रभारी अधिकारी को हटा दिया गया है। नीट परीक्षा में धांधली की जांच सीबीआइ कर रही है तथा यूजीसी–नेट की गड़बड़ी की जांच के आदेश भी दे दिये गये हैं।

**तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता और टिक लगाने जैसे परीक्षा के तरीके कुछ लोगों के निहित स्वार्थों को पूरा करने में मददगार होते हैं। अधपके विचार आकर्षक लग सकते हैं, पर अंततः हमें ऐसी प्रतिक्रियाओं से सावधान रहना चाहिए, जो छात्रों, परिवारों और विषयों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं। इंटरनेट के इस युग में पर्चा लीक होना स्थानीय घटना नहीं होती, इसका प्रसार तुरंत व्यापक स्तर पर हो जाता है। टिक मार्क वाले पर्चों और उत्तरों को हैक करना बहुत आसान है। परीक्षा माफिया के अपराधियों की कोई विचारधारा नहीं है। परीक्षा की समरूपता खतरनाक है क्योंकि यह सरकार के लिए आपदा हो सकती है और इससे करोड़ों छात्र और उनके परिजन तबाह हो सकते हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नेतृत्व में दूरदृष्टि एवं जवाबदेही के अभाव ने इस प्रकरण को और भी त्रासद बना दिया है। गड़बड़ियों से लगातार इनकार करने, गलत दिशा चुनने और बरगलाने वाले बयान देने से देश गुस्से में है।**

परीक्षाओं में स्वच्छता और पारदर्शिता तथा उनके समुचित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च–स्तरीय समिति गठित की गयी है, जो दो माह के भीतर अपने सुझाव पेश करेगी। कदाचार रोकने के कानून को भी 21 जून से लागू कर दिया गया है। इसमें दोषियों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। सरकार ने स्पष्ट इंगित कर दिया है कि परीक्षाओं में किसी भी तरह के कदाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

सरकार द्वारा उठाये गये कदम सराहनीय हैं, पर कुछ अन्य उपायों को भी अपनाने की आवश्यकता है ताकि भारतीय शिक्षा प्रणाली में विश्वसनीयता फिर से बहाल हो सके। हमें छात्रों से अपनी अपेक्षाओं के बारे में नयी समझ विकसित करने की आवश्यकता है। इसका मतलब यह है कि हमें परीक्षा प्रणाली पर पुनर्विचार करना चाहिए। तथ्य बनाम मूल्य की बहस का निपटारा अस्सी के दशक में ही हो चुका है। फिर भी, हम अभी भी बहु–वैकल्पिक प्रश्न व्यवस्था जैसे परिमाणात्मक उपायों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, मानो वे चमत्कारिक हों। गुणात्मक कौशल अभी भी आवश्यक हैं क्योंकि वास्तविक जीवन में समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए इंजीनियरों और डॉक्टरों को अपनी गुणात्मक क्षमताओं का इस्तेमाल करना पड़ता है।

जटिल मानवीय संदर्भों में मूल्यों की बड़ी भूमिका है, जिन्हें पूर्वाग्रह कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि आज की परीक्षाएं बस सूचना को रटने और प्रस्तुत करने की क्षमता की जांच तक सीमित रह गयी हैं तथा वे अन्य आवश्यक कौशलों की अनदेखी करती हैं। हमें आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच, पाठन और लेखन जैसे कौशलों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सोच और लेखन में स्पष्टता जैसे कौशलों की परीक्षा होनी चाहिए तथा अध्यापन इनके विकास पर केंद्रित होना चाहिए।

एकता एक वांछनीय गुण है, जैसे एक राष्ट्रीय पहचान गढ़ना। लेकिन हर जगह समरूपता पर जोर देना नियंत्रण की मानसिकता का एक रूप है। जैसा कि हम भारतीय ज्ञान परंपरा से जानते हैं, विविधता और परिवर्तन जीवन के विधान हैं तथा छोटी चीज भी सुंदर होती है। शायद अब वह समय आ गया है कि हम क्षेत्रवार या समूहवार परीक्षाओं पर विचार करें, जिनमें वस्तुनिष्ठ प्रश्न भी हों और विश्लेषणात्मक भी। इससे पर्चों के लीक होने या हैक होने की आशंका कम हो सकती है। साथ ही, छात्रों की विश्लेषणात्मक और आलोचनात्मक क्षमता के परीक्षण का भी माध्यम मिलेगा। कदाचार के जोखिम को कम करने के लिए कई तरह के प्रश्नपत्र बनाये जा सकते हैं। नेतृत्व के स्तर पर हमें नये तंत्र और लोगों की आवश्यकता है, जिनमें सहृदयता हो, दूरदृष्टि हो, जिनके विचारों में खुलापन हो।

एक पुरानी कहावत है– 'अगर आप मूंगफली देंगे, तो आपको बंदर ही मिलेंगे।' यह बात शिक्षा पर भी लागू होती है। अगर हमारे संस्थान अपने लोगों पर समुचित खर्च नहीं करेंगे, तो उच्च गुणवत्ता से युक्त कार्यबल उपलब्ध नहीं हो सकेगा। देश में शिक्षा को लेकर जो समझ है, उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

शिक्षा का संबंध केवल रोजगार से नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव से भी है। इसलिए शिक्षा में निवेश बढ़ना चाहिए। मौजूदा संकट गलतियों के परीक्षण तथा एनटीए और यूजीसी के भरोसे को बहाल करने का एक अवसर होना चाहिए। जिन केंद्रों पर शक है, उनकी ठीक से जांच होनी चाहिए। एनटीए और यूजीसी में पारदर्शिता के अभाव को तुरंत ठीक किया जाना चाहिए। शिक्षा नीतियां तब तक सफल नहीं हो सकती हैं, जब तक उनमें ईमानदारी के साथ–साथ अन्वेषण और समावेशी भाव, विशिष्टता के साथ–साथ सहृदयता एवं समता तथा विविधता के साथ–साथ लोकतंत्र, पारदर्शिता और जवाबदेही न हो।

# परिवार नियोजन के क्षेत्र में काफी सफलता मिली है

**जगत प्रकाश**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं, अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं तथा आगामी चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइसीपीडी) में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आइसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है, बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेषकर मातृ और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिये जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की 57 प्रतिशत महिलाओं ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का उपयोग किया है। यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है।

परिवार नियोजन का आशय गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाता है। भारत 10–24 वर्ष की आयु के 36।9 करोड़ युवाओं के साथ एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है।

पिछले कुछ दशकों में इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है। यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गयी उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो बच्चे नहीं चाहतीं या देर से बच्चे जन्म देना चाहती हैं, पर गर्भनिरोधक का कोई तरीका नहीं अपनाती हैं।

इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नयी रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है।भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2।0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस–5 (2019–21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है।

भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता के अनुरूप परिवार नियोजन की रणनीतियों को ढाला गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ–साथ यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी विचार करती है।

भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक– मिशन परिवार विकास– को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था।


इसके तहत सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास–बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक बनाने के लिए नयी पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल थे।

## खाद्य पदार्थों की पैकिंग पर पोषण से संबंधित जानकारी बड़े अक्षरों में दी जानी चाहिए

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि खाद्य पदार्थों की पैकिंग पर पोषण से संबंधित जानकारी बड़े अक्षरों में दी जानी चाहिए। इससे ग्राहकों को खरीद के समय उचित निर्णय करने में मदद मिलेगी। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा ग्राहकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। खाने–पीने की चीजों में चीनी, नमक, वसा जैसे तत्वों की अधिकता कई बीमारियों की वजह बन रही है। किसी वस्तु में क्या सामग्री इस्तेमाल की गयी है और उससे कितना पोषण मिल रहा है, ऐसी सूचनाओं को आम तौर पर इतने महीन अक्षरों में छापा जाता है कि लोगों का ध्यान ही नहीं जाता। हमारे देश में डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, एलर्जी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। लोग चीनी, नमक, वसा आदि के उपभोग को लेकर सचेत भी हो रहे हैं।

अधिक कैलोरी लेना मोटापे और दिल की बीमारियों का कारण बन सकता है। अगर खाद्य पदार्थ के बारे में ठीक से सूचना मुहैया करायी जायेगी, तो लोग संभावित नुकसान से बच सकेंगे। कुछ समय से सरकार ने पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिए अनेक कदम उठाये हैं। नये खाद्य निर्देशों को उसी कड़ी में देखा जाना चाहिए। हाल में केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथिक दवाएं बनाने वाली कंपनियों को चेतावनी दी थी कि वे भ्रामक विज्ञापन न दें और दवाओं के प्रभाव के संबंध में निराधार दावे न करें। कई दवा उत्पादों पर 'सौ फीसदी सुरक्षित', 'स्थायी उपचार', 'पूर्णतः शाकाहारी उत्पाद' या 'मंत्रालय द्वारा स्वीकृत' जैसी भ्रामक बातें लिखी होती हैं। बहुत से उत्पादों पर तो उनमें प्रयुक्त वस्तुओं का पूरा विवरण भी नहीं दिया जाता। बड़े शहरों में कई ऐसे रेस्तरां हैं, जहां खाद्य विभाग के निर्देशों की अनदेखी के मामले सामने आये हैं। इस बारे में भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने ई–कॉमर्स कंपनियों को अपने एप और वेबसाइट से 'हेल्थ ड्रिंक्स' श्रेणी से सभी पेय उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया था। उसी माह भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने ई–कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे खाद्य उत्पादों का समुचित श्रेणीकरण सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में 'स्वास्थ्य पेय' जैसी किसी श्रेणी को परिभाषित नहीं किया गया है।

# अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का पहले ही दिन हाल–बेहाल, इंडियन 2 ने किया कमाल



अभिनेता अक्षय कुमार पिछले काफी समय से फिल्म सरफिरा को लेकर चर्चा में थे। उनकी इस फिल्म को दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों से भी काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, वहीं अक्षय के अभिनय की भी चारों ओर तारीफ हो रही है।बावजूद इसके सिनेमाघरों में पहले दिन उनकी इस फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हुए।

फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो उम्मीद के मुताबिक काफी कम हैं। सैकनिल्क के मुताबिक सरफिरा ने रिलीज के पहले दिन महज 2.40 करोड़ की कमाई की है। हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं। आधिकारिक आकड़ों में थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है।यह कमाई काफी निराशाजनक इसलिए है, क्योंकि फिल्म का बजट करीब 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।इस लिहाज से फिल्म का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन काफी खराब है। 5–7 करोड़ रुपये अगर यह फिल्म कमाती तो इसका कलेक्शन ठीक माना जाता।अक्षय पिछले काफी समय से एक अदद हिट को तरस रहे हैं। इस साल आई उनकी 350 करोड़ी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी।ऐसे में सरफिरा से हर किसी को बड़ी उम्मीदें थीं। अक्षय ने भी फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद सरफिरा पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स नजर आई।

## त्रिशा कृष्णन की क्राइम–थ्रिलर सीरीज बृंदा का टीजर रिलीज

साउथ इंडियन फिल्मों में अपनी एक्टिंग के झंडे गाड़ने के बाद अब तृषा कृष्णन भी ओटीटी का रुख कर रही हैं. उनकी वेब सीरीज जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है. जिसके बाद तृष्णा कृष्णन भी उन सितारों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगी जो बड़े पर्दे के बिग स्टार होने के बाद ओटीटी में आए हैं. तृषा कृष्णन बृंदा नाम की वेब सीरीज के साथ ओटीटी पर दिखाई देंगी. ये एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज बताई जा रही है. जिसके प्रोडक्शन का काम पिछले एक साल से जारी था. अब वेब सीरीज की रिलीज डेट का अनाउंसमेंट हो चुका है. फिल्म ट्रेड एनालिस्ट क्रिस्टोफर कंगराज ने वेब सीरीज की रिलीज डेट बताई है. उन्होंने इस बारे में ट्वीट कर जानकारी दी है. जिसके मुताबिक तृषा कृष्णन की वेब सीरीज आने वाले 2 अगस्त को रिलीज होगी. ये वेब सीरीज तृषा कृष्णन के फैंस सोनी लिव पर देख सकते हैं. इसके साथ ही क्रिस्टोफर कंगराज ने वेब सीरीज के टीजर का वीडियो भी शेयर किया है. जिसे देखकर ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि वेब सीरीज एक क्राइम थ्रिलर है. जिसमें तृषा कृष्णनन पुलिस की वर्दी पहनी दिखाई देंगी. उनके अलावा बृंदा वेब सीरीज में साई कुमार, अमानी, इंद्रजीत सुकुमारन, रविंद्र विजय और दूसरे सपोर्टिंग एक्टर्स भी नजर आएंगे.

# श्रीलंका दौरे पर चमकेगी इन खिलाड़ियों की किस्मत, टीम से बाहर चल रहा धुरंधर भी लौटेगा!




नई दिल्ली। भारतीय क्रिक्रेट टीम टी20 में इस समय बदलाव के दौर की शुरुआत करने जा रही है। टी20 वर्ल्ड कप–2024 की खिताबी जीत के बाद रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। टीम को विश्व विजेता बनाने वाले कोच राहुल द्रविड़ भी चले गए हैं। राहुल की जगह टीम इंडिया को गौतम गंभीर के रूप में नया कोच तो मिल गया है, लेकिन अब तलाश तीन दिग्गज खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की है। अब टीम मैनेजमेंट को इन तीनों के विकल्प खोजने हैं। श्रीलंका दौरे से टीम इंडिया नए रूप में दिखेगी। यहीं से टीम इंडिया एक नए फेज में कदम रखेगी। श्रीलंका दौरे पर जब नए कोच गंभीर और सेलेक्टर्स टीम चुनने बैठेंगे तो जमकर माथापच्ची करेंगे। ऐसे में उनके पास कुछ नाम होंगे जिन पर वह जरूर चर्चा करेंगे।

**अय्यर की होगी वापसी?**

इसमें एक नाम श्रेयस अय्यर का होगा। इसकी संभावना इसलिए है क्योंकि अय्यर के पास अनुभव है। वह टीम के भविष्य के तौर पर देखे जा रहे हैं। टी20 में हालांकि उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। लेकिन विराट कोहली के जाने से जो जगह खाली हुई है उसको भरने के लिए अय्यर सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं। अय्यर टी20 में अंदर–बाहर होते रहे हैं। उन्होंने अपना आखिरी टी20 मैच दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

**रोहित की जगह कौन**

यशस्वी जायसवाल का टीम में चुना जाना पक्का है। लेकिन सवाल ये है कि उनके साथ ओपनिंग की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? रोहित का स्थान लेने के दावेदार मुख्य रूप से तीन खिलाड़ी हैं। शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़। गिल का चुना जाना तय है। लेकिन अभिषेक ने हाल ही में खत्म हुए जिम्बाब्वे दौरे पर जैसा खेल दिखाया है उसे देखने के बाद उनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गायकवाड़ ने भी आईपीएल में दमदार खेल दिखाया है और उनकी बल्लेबाजी शैली भी काफी शानदार है। सेलेक्टर्स इन दोनों को श्रीलंका दौरे पर चुन सकते हैं। अभिषेक के आने से एक बैकअप ओपनर का विकल्प मिलेगा।

# फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगे संजय दत्त, कॉमेडी का होगा जबरदस्त डोज

संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। आज भी ऐसे कई प्रशंसक हैं, जो संजू बाबा का दीदार करने के लिए कुछ भी कर गुजरते हैं।उनकी फिल्मों को लेकर भी दर्शक बराबर उत्साहित रहते हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक संजय के प्रशंसकों का दिल बाग–बाग हो जाएगा।दरअसल, वह हाउसफुल फ्रैंचाइजी के 5वें भाग हाउसफुल 5 से जुड़ गए हैं।फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने एक्स पर यह जानकारी दी है। उन्होंने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय हाउसफुल के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही हाउसफुल 5 को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है।

अभी तक फिल्म में संजय के होने और ना होने की अटकलें की लगाई जा रही थीं और अब आखिरकार उनकी मौजूदगी पर निर्माता की पक्की मोहर लग गई है। कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे।हाउसफुल की फैन फॉलोइंग तगड़ी है। शायद इसलिए तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही हाउसफुल 5 का प्रस्ताव जब उन्हें मिला तो उन्होंने मौके पर चौका मारने में देर नहीं लगाई।

हाउसफुल फ्रैंचाइजी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जलवा रहा है। हाउसफुल और हाउसफुल 2 का निर्देशन साजिद खान ने किया था। हाउसफुल 3 का निर्देशन फरहाद सामजी और साजिद ने मिलकर किया, वहीं हाउसफुल 4 के निर्देशक फरहाद थे।हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2010, दूसरी 2012, तीसरी 2016 और इसकी चौथी किस्त 2019 में आई थी।पिछली फिल्म हाउसफुल 4 75 करोड़ रुपये में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 296 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

## स्टीव स्मिथ ने आंद्रे रसेल को दिन में दिखाए तारे, मारा 308 फिट लंबा छक्का

नई दिल्ली। अमेरिका में हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप हुआ था। इन मैचों में हालांकि रन बनाना मुश्किल हो रहा था। चौके–छक्के बड़ी मुश्किल से लग रहे थे। अमेरिका में इस समय भी क्रिकेट जारी है।

यहां मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) खेली जा रही है, लेकिन अंतर ये है कि यहां रनों की बारिश हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने इस लीग में गजब की बल्लेबाजी दिखाई है। उन्होंने वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल पर इतना जबरदस्त छक्का मारा कि देखने वाले देखते रह गए। स्मिथ इस लीग में वॉशिंगटन फ्रीडम के कप्तान हैं। इस टीम का सामना था लॉस एजेल्स नाइट राइडर्स से। रसेल नाइट राइडर्स से खेल रहे हैं। रसेल की गेंद पर स्मिथ ने गजब छक्का मारा जिसे देख रसेल भी परेशान हो गए।

# अभिषेक शर्मा से लेकर रवि बिश्नोई तक, स्टार्स ने खूब लूटी महफिल

नई दिल्ली। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए आखिरी टी20क मैच में जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया। पांचवें टी20 मैच में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम की तरफ से संजू सैमसन का बल्ला गरजा और उन्होंने 58 रन की पारी खेली। उनका साथ रियान पराग ने दिया। दोनों के बीच 65 रन की साझेदारी बनी। इस मैच जीत हासिल करते ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज को 4–1 से अपने नाम किया। ऐसे में जानते हैं भारत–जिम्बाब्वे टी20 सीरीज के टॉप 5 मोमेंट्स के बारे में विस्तार से।

1. अभिषेक शर्मा ने जड़ा शतक

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंर अभिषेक शर्मा (अुँ रीँ' रँ१ँ) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20क सीरीज में मेडन शतक जमाया। दूसरे टी20क मैच में अभिषेक ने ये शतक जमाया। उनकी पारी में 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 212 का रहा।

2. रवि बिश्नोई का कैच

भारत–जिम्बाब्वे के बीच खेले गए तीसरे टी20क मैच के दौरान रवि बिश्नोई ने एक शानदार कैप लपका। जिम्बाब्वे की पारी के चौथे ओवर में भारत की तरफ से आवेश खान गेंदबाजी करने आए। इस दौरान क्रीज पर ब्रायन बेनेट थे।

उन्होंने पहली ही गेंद पर हवा में शॉट लगाया, लेकिन आउट साइड ऑफ स्टंप पर फील्डिंग कर रहे रवि बिश्नोई ने उनका कैच छलांग लगाकर लपक लिया। जिस तरह की फिनिशिंग के साथ रवि बिश्नोई ने उनका कैच लपका, उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया।

## एक नजर

### इमरजेंसी सेवाओं को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कालालघाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में इमरजेंसी सेवाओं को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष विजय रावत ने कहा कि पिछले साल मालनपुल तथा मोटाढाक कॉजवे वैकल्पिक मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के बाद भाबर क्षेत्र की करीब 50 हजार की आबादी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ही निर्भर हो गई थी, लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पाई, जिससे आम जनता को गंभीर रोगों के उपचार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कहा कि बरसात के मौसम में भाबर क्षेत्र में किसी का भी स्वास्थ्य खराब होने पर प्राथमिक सेवा केंद्रों में इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध नहीं है। दल ने झंडीचौड़ प्राथमिक चिकित्सा केंद्र इंचार्ज डॉ. मसरूफ अली व मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी से फोन पर वार्ता करके इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तुरंत इमरजेंसी सेवा बहाल करने की मांग की।

### कांग्रेस ने फूंका राज्य सरकार का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मंडल मुख्यालय पौड़ी में कांग्रेसियों ने केदारनाथ के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण के शिलान्यास पर नाराजगी जताते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है।

सोमवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आस्था के प्रतीक बाबा केदारनाथ के मंदिर का दिल्ली में शिलान्यास कर प्रदेशवासियों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है। आरोप लगाया कि यह बाबा केदार की पौराणिक मान्यता को खत्म करने की साजिश है और सरकार उत्तराखंड में पर्यटन खत्म करना चाहती है। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, महिला जिला अध्यक्ष नीलम रावत, नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत, यूथ महासचिव संजना, पूर्व सभासद यशोदा नेगी, जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी जगमोहन नेगी, जगमोहन रावत, एसपी रतूड़ी, गणेश थपलियाल, ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप रावत, सर्वेश्वर रावत आदि शामिल थे।

### श्रीनगर में छात्रों ने फूंका एनटीए का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आगामी 19 जुलाई को दोबारा स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए सीयूईटी परीक्षा करवाए जाने पर छात्रा नेताओं ने सोमवार को बिड़ला परिसर के मुख्य गेट पर एनटीए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

इस दौरान छात्र नेताओं ने एनटीए की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल और छात्र नेता बिरेंद्र भंडारी ने कहा कि रविवार देर शाम एनटीए द्वारा सीयूईटी परीक्षा दोबारा करवाए जाने को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया है। कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं में लगातार धांधलियां की जा रही है।

पहले नीट, नेट और अब सीयूईटी यूजी परीक्षा में धांधली के चलते दोबारा परीक्षा करवाई जा रही है। कहा कि सीयूईटी यूजी की परीक्षा करवाना पहाड़ के साथ-साथ देश के युवाओं के साथ खिलवाड़ है। कहा कि एनटीए द्वारा एक प्रश्न को चुनौती देने के लिए एनटीए 200 से अधिक रुपये छात्रों से वसूल रही है। भारी भरकम फीस लेने के चलते छात्र न तो अपने प्रश्नों को चुनौती दे पा रहे हैं न ही अपना पक्ष रख पा रहे हैं। उन्होंने एनटीए की कार्यप्रणाली को देखते हुए जल्द परीक्षा एजेंसी को हटाने की मांग की है। कहा कि यदि सरकार जल्द से एनटीए को हटाने की कार्यवाही नहीं करती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में सौरभ रावत, चिराग बहुगुणा, दीपक बिष्ट, अमन, अक्षांश, शिवांश, सूरज लामा, मनोज आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एक सप्ताह में नहीं हटाया अतिक्रमण तो गरजेगी जेसीबी

- शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर आयोजित की गई बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः शहर में लगातार नासूर बन रहे अतिक्रमण को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। निर्णय लिया गया कि यदि एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमणकारी स्वयं अपना अतिक्रमण नहीं हटाते तो नगर निगम सड़क पर उतरकर आतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। बैठक में व्यापार संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सोमवार को आयोजित बैठक में व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने बाजार क्षेत्र के साथ ही नंबर एक वार्ड से चालीस वार्ड तक का पूरा अतिक्रमण हटवाने की मांग उठाई। व्यापारियों ने



कोटद्वार नगर निगम में आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी व व्यापार मंडल के सदस्य

कहा कि सरकारी सिस्टम को केवल नजीबाबाद चौराह, गोखले मार्ग व बदरीनाथ मार्ग का अतिक्रमण ही नजर आता है। जबकि, शहर के अन्य वार्ड लगातार अतिक्रमण से घिरते जा रहे हैं। इस पर नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने कहा कि पूर्व में चिह्नित अतिक्रमण को पहले हटाया जाएगा। उसके बाद अन्य अतिक्रमण चिह्नित कर उन्हें क्रमानुसार हटाया जाएगा। कहा कि निगम की भूमि पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगा। उसे हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। कहा कि अतिक्रमणकारी एक सप्ताह के भीतर अपना अतिक्रमण साफ कर दें। अन्यथा निगम स्वयं सड़क पर उतरकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करेगा। कहा कि इसके लिए अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के सहायक अभियंता खुशवंत शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीन कुमार, सचिव नवीन गोयल आदि मौजूद रहे।

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के स्वजनों से गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वजनों से गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में मुख्यमंत्री के भाई शैलेश बिष्ट की तहरीर पर पुलिस ने कांग्रेस नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यमकेश्वर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचूर यमकेश्वर हाल निवास कोटद्वार निवासी शैलेश बिष्ट ने मामले में गत 11 जुलाई को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

तहरीर में उन्होंने कहा कि वह आर्मी में हैं और वर्तमान में कोटद्वार में उनकी तैनाती है। कहा कि जिला पंचायत सदस्य क्रांति कपरुवाण ने उनके परिवार के खिलाफ गत 16 जून को फेसबुक पर एक पोस्ट अपलोड किया। उसका विरोध करते हुए उन्होंने जब आरोपी नेता को फोन कर पोस्ट हटाने के लिए कहा तो उसने फोन पर ही गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। घटना के 25 दिन बाद आरोपी ने उन्हें कॉल किया और उनके परिवार वालों को फिर से गाली देने लगा। बताया कि इस दौरान आरोपी ने उन्हें मारने की धमकी भी दी। कहा कि आरोपी नीलकंठ इलाके में इस प्रकार की हरकतें पहले भी कर चुका है। कहा कि उनके पास आरोपी की रिकॉर्डिंग भी है। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द पूरा करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने सीएक की घोषणाओं के पूरा न होने पर प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि शहर के विकास को लेकर की गई कई मुख्यमंत्री घोषणाओं का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। सीएम की घोषणाओं का पूरा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिससे शहरवासियों में काफी नाराजगी बनी हुई है। कहा कि अब समिति आंदोलन को उग्र रूप देगी और शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर धरना दिया जाएगा।सोमवार को सीएम की घोषणाओं को पूरा नहीं करने पर कलक्ट्रेट के पास हेमवती नंदन बहुगुणा प्रतिमा स्थल पर धरना प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि जल्द ही सीएम घोषणाएं पूरा नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत ने कहा कि राज्यनिर्माण के बाद पौड़ी की लगातार उपेक्षा की जा रही है। पौड़ी में स्थित इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम को शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे अब उपभोक्ताओं को पाबौ व कोट से गैस की आपूर्ति करवाई जा रही है। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समिति के सचिव गबर सिंह नेगी ने कहा कि शहर में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। ल्वाली झील निर्माण के दावे धरातल पर नहीं उतर पाए। रांसी स्टेडियम के समीप पर्यटक आवास गृह का निर्माण अधर में है। एनसीसी एकेडमी को लेकर भी कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर अनिता रावत, नरेश नौड़ियाल, पदमेंद्र बिष्ट, ठाकुर सिंह आदि शामिल थे।

### प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती शिशु मंदिर श्रीनगर में सोमवार को वेशभूषा, बैग एवं स्वच्छता प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अरुण, उदय, प्रभात, रूद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गणेश भट्ट ने कहा कि विद्या भारती के स्कूलों में जो समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं, उनसे छात्र-छात्राओं में जागरूकता, प्रतियोगी भाव और अनुशासन का भाव उत्पन्न होता है।

इन्हीं कारणों से विद्या भारती के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों में भी स्कूलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न हुआ है और स्कूलों की छात्र संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

## कोटद्वार में पर्यटन व रोजगार बढ़ाने पर हुई चर्चा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार में पर्यटन व रोजगार को बढ़ाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वन मंत्री सुबोध उनियाल से चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों को योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश भी दिए गए।

आयोजित बैठक में वन विभाग से जुड़ी योजनाओं जैसे जंगल सफारी, एडवेंचर टूरिज्म, बर्ड वाचिंग आदि को कोटद्वार में शुरू करने के संबंध में चर्चा की, जिस पर योजना के क्रियान्वयन पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा विस्तार से बताया गया।

कहा कि इन योजनाओं के शुरू होने से कोटद्वार में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस पर वन मंत्री ने अधिकारियों को तुरन्त कार्य योजना तैयार करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने वन मंत्री से वन विभाग को



वन मंत्री सुबोध उनियाल व अधिकारियों से चर्चा करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

हरेला पर्व के एक माह के अभियान में औषधीय, छायादार एवं फलदार वृक्षों का रोपण करने के लिए निर्देशित करने की मांग करते हुए कहा कि स्थानीय लोग हरेला अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

# खेल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एकेश्वर ब्लाक के पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में सोमवार को मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 से 14 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए निर्धारित 60 अंकों में से अधिकतम अंक प्राप्त करने के आधार पर बालक वर्ग के 8 से 9 आयु वर्ग में रा.आ .प्रा.वि. धरासू के आयुष ने प्रथम और रा.प्रा.वि. पिलखेरा के कार्तिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 10 आयु वर्ग में रा.प्रा.वि मरड़ा के सत्यम ने प्रथम और रोहन ने द्वितीय, 10 से 11 आयु वर्ग में पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

नैतिक ने प्रथम और मन्नत ने द्वितीय, 11 से 12 आयु वर्ग में पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के सावन ने प्रथम और नितेश ने द्वितीय, 12 से 13 आयु वर्ग में पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के करन ने प्रथम और कृष ने द्वितीय तथा 13 से 14 आयु वर्ग में पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के नमन ने प्रथम और अनूप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार विकसित करें

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली में महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विवि की टीम द्वारा सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता प्रो. ऋषिवर ने स्कूलों को अपने सपनों को पंख लगाने की बात कही और शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार विकसित करने पर भी बल दिया।सोमवार से शुरू हुए तीन दिवसीय कैरियर काउंसलिंग के पहले दिन यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो.संजय ऋषिवर बतौर मुख्य वक्त के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवि की काउंसलिंग टीम का उद्देश्य बारिश के मौसम में आवागमन की सुविधा से बचाने एवं छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करना है। बताया कि विवि किफायती फीस पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है। जिसमे फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट, योग, कंप्यूटर, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर शामिल है। इस अवसर पर विवि की संतोषी रावत, अनूप बिष्ट, सतपाल सिंह मौजूद रहे।

## सीयूईटी के परीक्षा परिणाम में देरी से छात्रों को सता रही साल खराब होने की चिंता

-पांच हजार में आईएचएमएस कॉलेज कोटद्वार में पंजीकरण कराकर सीट बुक करा सकते हैं छात्र

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के परीक्षा परिणाम में हो रहे विलंब के कारण हायर एजुकेशन के लिए विभिन्न कालेजों में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को अपना एक वर्ष खराब होने की चिंता सता रही है। ऐसे छात्र-छात्राओं की समस्या के समाधान के लिए गढ़वाल का प्रमुख शिक्षण संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलज कोटद्वार आगे आया है। कॉलेज के ईडी अजय राज नेगी ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद वांछित विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं ने सीयूईटी की परीक्षा दी थी। लेकिन, परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने के कारण छात्र अपने मनपसंद कोर्स के लिए कालेजों में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की ओर से कालेजों को सीमित संख्या में सीटों का आवंटन किया गया है। बिना परीक्षा वाले छात्रों के एडमिशन लेने के कारण सीट फुल होने वाली हैं। जिसके कारण परीक्षा देने वाले छात्रों को इस वर्ष अपने मनपसंद कोर्स से वंचित रहना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आईएचएमएस कालेज में सीयूईटी परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है। छात्र-छात्राएं कालेज में संचालित बीसीए, बीएससी-आईटी, बीबीए, बीएचएम, सीएचएम, एमसीए और एमबीए कोर्स के लिए मात्र 5000 रुपये में पंजीकरण करा कर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं। सीयूआईटी का परीक्षा परिणाम आने पर जो भी छात्र कहीं और एडमिशन लेना चाहें उन्हें पंजीकरण की फीस लौटा दी जाएगी।

## इंडो-नेपाली फ्यूजन गीत रोजी-रोटी रिलीज

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शहर के रंगकर्मी मनोज दुर्बी के निर्देशन पर एक इंडो-नेपाली फ्यूजन गीत रोजी-रोटी रिलीज हो गया है। गीत में उत्तराखंड में हो रहे पलायन की पीड़ा को मार्मिक रूप से उकेरा गया है। जिसमें खासतौर पर पहाड़ की मिठास व पीड़ा मुख्य भाव है।

गीत के निर्देशक मनोज दुर्बी ने बताया कि यह गीत संवेदना, संघर्ष, रोजगार, बेहतर जिंदगी की तलाश में हो रहे पलायन पर आधारित है। बताया कि बेहतर जिंदगी की डगर को पाने के लिए पहाड़ के युवा दिल्ली, मुंबई सहित अन्य शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। वहीं नेपाल व बिहार के युवा संभावनाओं की तलाश में पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में आंखों में बेहतर कल के सपने सजाए युवाओं की एक बड़ी तादाद अपनी जड़ों व समाज से कटती जा रही है। निर्देशक दुर्बी ने बताया कि नेपाली व कुमाऊंनी भाषा में इस गीत की रचना दीपक तिरुवा ने की है। संगीत व गायन सर्वजीत टम्टा का है। उन्होंने बताया कि गीत की शूटिंग पौड़ी की खूबसूरत वादियों में हुई है। साथ ही पौड़ी के कलाकारों ने अभिनय भी किया है। गीत में बॉलीवुड के कलाकार चंदन बिष्ट के अलावा हर्षिता, सोनम डोभाल, शंकर राणा, सुंधाशू नौडियाल, निकिता, सिमरन आदि के शानदार अभिनय की जमकर सराहना हो रही है।

### शहर की समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाय

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शहरवासियों ने डीएम से मुलाकात कर शहर की समस्याओं का निराकरण की मांग की। कहा कि शहर में इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम का संचालन बंद कर दिया है।

जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को शहरवासी दलबीर सिंह नेगी, भुवन डोभाल ने डीएम से मुलाकात करते हुए शहर की नालियों की सफाई करने, बरसात से जगह-जगह हो रहे जलभराव वाले स्थानों का सुधारीकरण करने और शहर में इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम के संचालन की समस्या को हल करने की मांग की।

## कार्यशाला में सामाजिक हितों को लेकर हुई चर्चा

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज सतपुली में दो दिवसीय संकुल स्तरीय अंग्रेजी संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के बेहतर हितों को लेकर चर्चा की गई।

कार्यशाला के पहले दिन वक्ताओं ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए हमें भी स्वयं को बदलना पड़ेगा। इसके बाद ही कक्षा में विद्यार्थियों को नई तकनीक से पढ़ाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ सकेंगे। इससे पहले कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि महाराजा अग्रसेन हिमालयन विवि के निदेशक प्रो. संजय ऋषिवर, प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, संकुल से संजय ममगाई, पीएलबी



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते सदस्य

सतपुली पुष्पेंद्र राणा, प्रधानाचार्य देवी प्रसाद डडवाल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

# कैम्प लगाकर लंबित आवेदनों का निस्तारण करें : डीएम

### जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि व पीएम विश्वकर्मा की बैठक ली

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में पीएम स्वनिधि योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का निस्तारण समय पर करें। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन दें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आपस में समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए। सोमवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

दिए गए। साथ ही उन्होंने बैंकों को लाभार्थियों को शीघ्र ऋण वितरण और प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाये, जिससे लोग योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। कहा कि योजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिस निकाय क्षेत्रों में अधिक आवेदन लंबित हैं वहां कैम्प लगाकर आवेदनों का तत्काल निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहायता प्रदान करें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को समय पर ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। बैठक में ईओ नगर पालिका गौरव भसीन, शहरी आजीविका मैनेजर सीमा पाण्डेय व समस्त उपजिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

### शिक्षक संदीप को मिला शिक्षा रत्न-2024

श्रीनगर गढ़वाल : ग्लोकल विश्वविद्यालय सहारनपुर के ओर से आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन में राजकीय इंटर कॉलेज धद्दी घंडियाल कीर्तिनगर के शिक्षक एवं लेखक संदीप रावत को शिक्षा रत्न-2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा एवं लेखन के क्षेत्र में नवाचारी प्रयोग करने के लिए प्रदान किया गया।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम कमल, मेरा नाम कान्ता एवं मेरे पति का नाम सुनील अंकित है, जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम रौनक सिंह नेगी, मेरा नाम श्रीमती कान्ता देवी एवं मेरे पति का नाम सुनील सिंह नेगी है। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम रौनक सिंह नेगी, मेरा नाम श्रीमती कान्ता देवी एवं मेरे पति का नाम सुनील सिंह नेगी अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये।

**श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री सुनील सिंह नेगी**
**निवासी ग्राम कलशी, पोस्ट ऑफिस चैलूसैंण,**
**विकासखंड द्वारीखाल, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0278/21)



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**निविदा संख्या 62-DRM-MB-24-25 दिनांक 05.07.2024** के अंतर्गत जो निविदा आमंत्रित की गयी थी उसकी कार्य पूर्ण करने की अवधि में बदलाव किया गया है जो की 12 महीने के स्थान पर **अब 18 महीने है**, निविदा की अन्य नियम व शर्ती खुलने की तिथि आदि पूर्वता रहेंगी।

2156/24

Sr. DEN-4
N.Rly. Moradabad.

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 72-DRM-MB-2024-25<br>Date 15.07.2024 |
| कार्य का नाम | General annual repair works of service building and staff quarter from km 1081 to 1186 from AMG(EXCL) TO KUF (INCL) INCLUDING wood work and road work for 2024-2025 in the section of SSE(W)HRI under ADEN/I/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 09.08.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 89,99,999.65 |
| धरोहर राशि | 1,80,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.07.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 15.07.2024 2151/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### वार्षिकोत्सव सितंबर में

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लोक कलाकार सोसाइटी का दसवां वार्षिकोत्सव सितंबर माह के प्रथम सप्ताह को मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए सोसाइटी के महासचिव ओमप्रकाश कवटियाल ने बताया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही गढ़वाल की पारंपरिक खुदेडगीत की प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

### बच्चे रटने के बजाय पाठ को समझ कर आत्मसात करें

नई टिहरी : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बौराड़ी नई टिहरी में सोमवार से पांच दिवसीय पुस्तक मेले के पहले चरण का शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम के पहले चरण के मौके पर बाल लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बाल कवि सम्मेलन के साथ ही टिहरी के बच्चों द्वारा तैयार हस्तलिखित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 20 और 21 जुलाई को आयोजित होने वाले पुस्तक मेले के प्रथम चरण में सोमवार को राबाइंका में बाल लेखन कार्यशाला का शुभारंभ सीईओ एसपी सेमवाल ने किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को अभिव्यक्ति का अवसर देने, उन्हें क्या, क्यों तथा कैसे सवाल करने और तर्क वितर्क करने के अवसर प्रदान करने कर प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे पाठ को रटने के बजाय पाठ को समझ कर आत्मसात करें ऐसा पाठयक्रम तैयार किया जा रहा है। अल्मोड़ा से प्रकाशित बच्चों की पत्रिका बालप्रहरी, भारत ज्ञान विज्ञान समिति, क्रिएटिव उत्तराखंड तथा शिक्षा विभाग टिहरी के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 19 जुलाई तक आयोजित बाल लेखन कार्यशाला के पहले दिन बच्चों ने कविता लेखन की बारीकियां समझी। (एजेंसी)

# श्रीनगर में कांग्रेसियों ने फूंका राज्य सरकार का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर ने दिल्ली में केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर खोलने के लिए भूमि पूजन किए जाने पर सोमवार को कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप कांग्रेसियों ने कीर्तिनगर बाजार में अर्थी यात्रा निकालकर पुतले को आग के हवाले किया।इस दौरान कांग्रेसियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के दिल्ली में केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर खोले जाने वाले बयान को दुर्भाग्यापूर्ण बताया। मौके पर जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर के अध्यक्ष रघुवीर सिंह भंडारी, सेवादल जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद, मगतराम मटियाल, प्रदीप थपलियाल ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा केदारनाथ धाम से शीला ले जाकर दिल्ली में भूमि पूजन कर बयान देना दुर्भायपूर्ण है। दिल्ली में केदारनाथ धाम का प्रतीकात्मक मंदिर खोले जाने पर कांग्रेस पार्टी इसका घोर विरोध करती है। कहा कि सीएम ने इस तरह बयान देकर भाजपा की कथनी और करनी को दिखाकर यह साबित कर दिया कि भाजपा हिंदू विरोधी पार्टी है। कहा कि भाजपा ने हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोची समझी साजिश के तहत पहले चारधाम यात्रा को प्रभावित किया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि सीएम क्षेत्रवाद की भावना को पैदा करना चाहते हैं। इस अवसर पर दिनेश भंडारी, रामेश्वर लखेड़ा, आशुतोष रावत, वीरेंद्र राणा, राजेंद्र बुटोला, गम्मा सिंह, दिनेश स्नेही, प्रमोद पंवार, सूरत सिंह कुंवर, गोविंद पवार, दिनेश भट्ट, पुरुषोत्तम उनियाल, भरत सिंह, जगमोहन रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### साइबर ठगी के 1.10 लाख लौटाए

उत्तरकाशी : पुलिस की साइबर टीम ने सोमवार को साइबर ठगी के 1.10 लाख की धनराशि पीड़ितों को वापस करवाई है। साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों ने पैसा वापस मिलने पर उत्तरकाशी पुलिस आभार जताया।
कुछ दिन पहले बौन उत्तरकाशी निवासी जितेन्द्र सिंह ने अपने साथ 84,800 रुपये की साइबर धोखाधड़ी तथा मस्सू, बड़कोट निवासी बबीता ने 25,300 रुपये की साइबर धोखाधड़ी के संबंध में उत्तरकाशी पुलिस को शिकायत पत्र दिया था।

### छात्रों को दी विषय संयोजन चुनने की जानकारी

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में बीए/बीएससी/बीकाम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती ने नई शिक्षा नीति की बुनियादी बातों को विस्तार से बताया।

साथ ही महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक कार्यक्रम सहित एनसीसी और एनएसएस के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरसीभट्ट ने करते हुए छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति, डॉ. कविता पाठक ने बीए प्रथम सेमेस्टर के विषयों डॉ. इंद्रेश पांडे ने विज्ञान संकाय के विषयों, डॉ. चंद्रमोहन जंस्वाण ने विषय संयोजन चुनने की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र पंघाल, डॉ. कमल किशोर द्विवेदी, डॉ. शालिनी सैनी सहित समस्त प्राध्यापक एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। (एजेंसी)

# थलीसैंण महाविद्यालय में हरेला पखवाड़ा शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में हरेला पखवाड़ा शुरू हो गया है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और छात्र-छात्राओं से क्षेत्र में पौधरोपण कर उनका संरक्षण करने की अपील की।

सोमवार को हरेला पखवाड़ा का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शपथ दिलाकर किया। नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक रावत ने पेड़ लगाने से मानवीय जीवन में होने वाले लाभ व महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर जखोला ग्राम के वन सरपंच ललिता प्रसाद, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अजय पाल सिंह आदि शामिल रहे।

### पूर्व सीएम के जन्मदिवस पर मरीजों को बांटे फल

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के जन्मदिवस पर आहान संस्था पौड़ी व जिला कार्यकारी अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद पौड़ी परमानंद चतुर्वेदी के सहयोग से राजमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर तिमली में पौधरोपण कर बच्चों को मिठाई बांटी। इसके साथ ही जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजय ममगाईं, सुषमा, मंजू, माधुरी, रोशनी, अंजना, प्रियंका, रॉबिन, विवेक, नितिन, ऋत्विक, कुश, सूरज आदि मौजूद रहे।

### केदारनाथ जैसा धाम कहीं और बनना सम्भव नही

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** श्री केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर का निर्माण दिल्ली में किए जाने की खबरों को लेकर सोमवार को केदार सभा के प्रतिनिधियों द्वारा उप जिलाधिकारी ऊखीमठ के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान इन प्रतिनिधियों ने कहा कि हिमालय की गोद में बसे भगवान शिव के प्रिय निवास स्थान श्री केदारनाथ जैसा धाम कहीं और बनना सम्भव नहीं है। धाम का निर्माण अन्यत्र कहीं भी किए जाने का पुरजोर विरोध करने का संकल्प लिया गया।

उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि विभिन्न तरह की मीडिया प्लेटफार्म में श्री केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर का निर्माण दिल्ली में किए जाने की खबरों को लेकर स्थानीय तीर्थ पुरोहितों सहित चारधाम महापंचायत, केदार सभा, व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि केदार सभा के पदाधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें केदार सभा के प्रतिनिधियों द्वारा केदारनाथ मंदिर का अन्यत्र निर्माण का पुरजोर विरोध किया गया।

# शिरगुर महाराज के नव निर्मित मंदिर में देव मूर्तियां हुई विराजमान

विकासनगर। खत शिलगांव के नगायाथात में शिरगुर महाराज के नव निर्मित मंदिर में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद देवता को विराजमान किया गया।

मंदिर के गर्भगृह में देव मूर्तियों को विराजमान करने से पहले शाही स्नान कराया गया। कालसी ब्लॉक के खत शिलगांव के 10 गांवों ने नगायाथात में शिरगुर महाराज के मंदिर का 182 वर्षों बाद निर्माण किया है।

इसमें सोमवार को विधि विधान के साथ महाराज की मूर्ति स्थापना अनुष्ठान पूर्ण किया गया। इससे पूर्व देव मूर्तियों का जमुना घाट हरिपुर और हिमाचल के चूड़धार में शाही स्नान कराया गया। रविवार को देव मूर्ति चुड़धार से पजिटीलानी पहुंची। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को ढोल दमाऊं रणसिंघे के साथ देव प्रतिमा को नगायाथात पहुंचाया गया। यहां मंदिर समिति के सदस्यों और देव कारिंदों ने मूर्ति का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम देव पुजारी, देव मालियों ने अष्टधातु की मूर्ति को मंदिर की परिक्रमा कराई। परिक्रमा के बाद देव मूर्ति को विधिविधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ नव निर्मित मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया गया। सुबह आठ बजे देव पुजारी आचार्य प्रवेश शर्मा, कुल पुरोहित सियाराम शर्मा, मुकेश शर्मा आदि ने मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर का शुद्धीकरण किया।



### मंत्री गणेश जोशी के नाम से फोन पर मांगे जा रहे रुपये

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के नाम से मैसेज कर लोगों से रुपये मांगे जा रहे हैं। मामला मंत्री के संज्ञान में आया तो उनके पीआरओ ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत की। तहरीर पर पुलिस ने एकाउंट ब्लॉक करने के लिए व्हाट्सएप को रिपोर्ट भेजी है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दी शिकायत में कहा कि मंत्री का फोटो लगाकर फर्जी व्हाट्सएप एकाउंट बनाया गया है। जिस नंबर से एकाउंट बनाया गया उसका आईएसडी कोड श्रीलंका का है। उस नंबर से राज्य के कई लोगों को मैसेज भेजे गए। मैसेज में इमरजेंसी बताकर रुपयों की मांग की जा रही है। आरोप है कि इससे मंत्री गणेश जोशी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मामले में मंत्री के पीआरओ मनोज जोशी ने बताया कि साइबर क्राइम थाने के सब इंस्पेक्टर मनोज बेनीवाल ने मंत्री कार्यालय से संपर्क कर प्रकरण की जानकारी ली और अग्रिम कार्यवाही के लिए भरोसा दिया।

# मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में मिलेगी सौ बेड के सेंटर फॉर एक्सीलेंस की सुविधा

विकासनगर। सेलाकुई स्थित राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान जल्द ही सौ बेड के सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तौर पर मानसिक रोगियों को सुविधा देगा। इसके लिए भवन निर्माण के साथ ही आवश्यक संसाधन संस्थान को मिल चुके हैं। अब सिर्फ चतुर्थ श्रेणी और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जानी है। बताया जा रहा है कि अगस्त माह तक सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। राज्य गठन के बाद सेलाकुई में 30 बेड का राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान मानसिक स्वास्थ्य की चिकित्सा के लिए स्थापित किया गया। इस संस्थान में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा जैसे अन्य राज्यों के निकटवर्ती जिलों के मानसिक रोगियों का भी उपचार किया जाता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण वर्ष 2015–16 के अनुसार राज्य में 10–12 लाख नागरिक अपने जीवन काल में किसी न किसी प्रकार के मानसिक रोग से पीड़ित होते हैं। इन सभी मनोरोगियों के लिए पूरे राज्य में मात्र एक ही सरकारी मानसिक स्वास्थ्य संस्थान है। संस्थान पर मरीजों के बढ़ते दबाव को देखते हुए साल 2020 में इसके उच्चीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। अगले साल 2021 में इसे सौ बेड के अस्पताल में उच्चीकृत कर मरीजों के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तौर पर विकसित करने के लिए वित्तीय स्वीकृति मिली। बीते साल ही भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। इस वर्ष की शुरुआत में अस्पताल को मानकों के अनुरूप चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ भी मिल चुका था। अब अन्य संसाधनों और उपकरणों के मिलने से मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के जल्द ही सौ बेड के सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तौर पर मरीजों को सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।






### भड़ाना ने मंगलौर के लोगों का आभार जताया

रुड़की। रुड़की में दिल्ली रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता कर मंगलौर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले ही कहा था कि वह जीतें या हारें लेकिन हर हाल में जनता के बीच रहकर सेवा करेंगे।

उन्होंने कहा कि वह मंगलौर में घर भी बनाएंगे, जिससे लोगों की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही वो चुनाव हार गए हों, लेकिन लोगों के दिल जीतने का काम उन्होंने कर दिया है।

# जमीन से जुड़े हर कार्यकर्ता का सम्मान करेगी कांग्रेस : हरीश रावत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जमीन से जुड़े हर कार्यकर्ता का पार्टी में सम्मान किया जाएगा। उन्हें पार्टी में जिम्मेदारी दी जाएगी। वह सोमवार को भारुवाला ग्रांट वार्ड स्थित राजीव कॉलोनी में ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे। उन्होंने उप चुनाव में जीत पर कार्यकर्ताओं को मिठाई भी खिलाई। ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरीश रावत ने पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत के पूर्व सदस्यों, उप प्रधान, राज्य आंदोलनकारी, बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसियों को सम्मान किया। हरीश रावत ने कहा कि मंगलौर और बदरीनाथ की जीत संगठन की जीत है। कांग्रेस ने एकजुटता के साथ पूरे मन से चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज क्षेत्र का विकास भाजपा की वजह से ठप पड़ा है और क्षेत्र की जनता त्रस्त है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौड़ ने कहा कि समय बदलाव का है सिर्फ धर्म के नाम पर वोट मांगने से क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता। महिलाओं की भागीदारी निश्चित तौर पर संगठन को मजबूती देगी। इस मौके पर हरिद्वार से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत, सुशील राठी, निवर्तमान पार्षद हरिप्रसाद भट्ट, मोहन गुरुंग, रमेश कुमार मंग्गू, सिद्धार्थ वर्मा, कुसुम देवी, बीना देवी, रेखा देवी, सीता थापा, विशम्भर दत्त बौंठियाल, सम्यक जैन, भूपेंद्र धीमान, आयुष गौड़, शमशेर अली, अमित अरोड़ा, ललित थापा, रवि विश्वास राय, डीएस छेत्री, मन बहादुर राणा, ललित थापा, आर तमांग मौजूद रहे।



# डीएम ने ली हरेला पर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में हरेला पर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये की वृक्षा रोपण के दौरान जीयो टैगिंग की जाए तथा वृक्ष के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड एवं सुरक्षा दीवार बनाए जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया की तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर वृक्षा रोपण करते हुए इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने नगर आयुक्त नगर निगम/नगर पालिका परिसद के प्रसाशक/उपजिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में सघन वृक्षा रोपण के साथ ही वृक्षों के संरक्षण के लिए व्यवस्थाए बनाई जाए । उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपनी–अपनी खाली भूमि पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा जिला खान अधिकारी को निर्देशित किया गया की प्रदुषण नियंत्रण के दृष्टीगत वृह्त स्तर पर वृक्षा रोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु जनपद क्षेत्रांतर्गत अवस्थित उप खनिज भण्डारण स्थलों के पास खाली भूमि वृक्षा रोपण करने के निर्देश दिए। जिला खान अधिकारी ने अवगत कराया कि अभी तक जनपद अवस्थित उप खनिज भण्डारण स्थलों पर 1500 से अधिक वृक्ष रोपण कर लिये गये है तथा वृक्षा रोपण की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट देहरादून को वृक्षा रोपण की मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर हर गिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी पूनम चमोली सहित विद्युत, एमडीडीए, सिंचाई, लोनिवि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# डीडीओ ने टीम संग की मनरेगा कार्यों की जांच

रुड़की। मखियाली खुर्द के मुंतजिर पुत्र इलियास ने पंचायत में प्रधान की ओर से कराए गए मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी। वहां से शिकायत जिलाधिकारी हरिद्वार को भेजी गई थी।

डीएम के निर्देश पर सोमवार को जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और वर्ष 2023–24 में मनरेगा योजना से कराए गए कार्यों की जांच की। जांच के दौरान मनरेगा से हाल ही में बनाई गई ज्यादातर सड़कें क्षतिग्रस्त हालत में मिली। इनके अलावा इसी योजना से किसानों के खेत में सिंचाई के लिए डलवाई गई भूमिगत पाइप लाइन भी अधिकांश जगह टूटी फूटी थी। ग्राम प्रधान तैयबा ने बताया कि बरसात की वजह से सड़क और पाइप लाइन टूट गई हैं।



**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com